# प्रसार शिक्षा निदेशालय

बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर- 813210 (बिहार)


का.आ.सं.: 180 / नि.प्र.शि. / बि.कृ.वि.वि.,सबौर / 34 दिनांक : 20.04.2024

## कार्यालय आदेश

प्रसार शिक्षा निदेशालय के संचिका प्राकृतिक खेती (संचिका सं0 180) के टिप्पणी पृष्ठ 40/टि. पर सक्षम प्राधिकार से प्राप्त अनुमोदन एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के पत्रांक F.No. 13(26)/2021-Cdn.Tech dated 22.12.2021 तथा निदेशक अटारी, पटना के ईमेल पत्र दिनांक 29.12.2021 के आलोक में कृषि विज्ञान केन्द्रों के शैक्षणिक/प्रायोगिक प्रक्षेत्र में **प्राकृतिक खेती** के लिए कर्णांकित 01 एकड़ क्षेत्रफल में Model Demonstration किया जा रहा है।

प्राकृतिक खेती के कार्य को प्रभावकारी ढ़ंग से सम्पादित करने हेतु निम्न निर्णय को संसूचित किया जा रहा है–

- डॉ. अभय मानकर, उप निदेशक प्रशिक्षण को विश्वविद्यालय स्तर पर प्राकृतिक खेती का नोडल पदाधिकारी नामित किया जाता है। डॉ. मानकर प्रत्येक माह कार्यक्रम की समीक्षा करके प्रगति प्रतिवेदन प्रसार शिक्षा निदेशालय को उपलब्ध करायेंगे।
- स्वॉयल माइक्रोबियल टेस्ट के लिये डॉ. सरोज कुमार यादव, कनीय वैज्ञानिक, मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन, बि.कृ.महा., सबौर को नामित (Co-P.I.) किया जाता है। डॉ. सरोज कुमार यादव कृषि विज्ञान केन्द्र से प्राप्त नमूनों का जाँच एवं विश्लेषण करेंगे तथा मुख्यालय स्तर पर इस कार्यक्रम में सहायता प्रदान करेंगे।
- वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र (सभी) को योजना के नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित किया जाता है। सभी वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान योजना का अनुश्रवण केन्द्र स्तर पर करना सुनिश्चित करेंगे।
- पूर्व में प्रसार शिक्षा निदेशालय के कार्यालय आदेश सं0 101 दिनांक 06.07.2022 द्वारा केन्द्र के स्तर पर वैज्ञानिकों को नामित किया गया था। इस क्रम में केन्द्र के स्तर पर नामित वैज्ञानिकों की सूची को नव नियुक्त विषय वस्तु विशेषज्ञों के योगदान देने के कारण सूची को संशोधित कर नामित विषय वस्तु विशेषज्ञों (Co-P.I.) की सूची कार्यालय आदेश के साथ संलग्न की जा रही है। संबंधित नामित वैज्ञानिक (Co-P.I.) कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिये उत्तरदायी होंगे तथा कार्यक्रम से संबंधित कार्य को वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान के निदेशानुसार सम्पादित करेंगे।

उपरोक्त प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

20.4.24

निदेशक प्रसार शिक्षा

ज्ञापांक : 180 / नि.प्र.शि. / बि.कृ.वि.वि.,सबौर / 189 दिनांक : 20.04.2024

प्रतिलिपि :

- विषय वस्तु विशेषज्ञ (संबंधित सभी)/वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र (सभी) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।
- डॉ. सरोज कुमार यादव, कनीय वैज्ञानिक/अध्यक्ष, मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन, बि.कृ.महा., सबौर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
- सह अधिष्ठाता–सह–प्राचार्य, बि.कृ.महा., सबौर को सूचनार्थ प्रेषित।
- उप निदेशक प्रशिक्षण/सह निदेशक प्रसार शिक्षा बि.कृ.वि., सबौर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
- सह अधिष्ठाता–सह–प्राचार्य, बि.कृ.महा., सबौर/निदेशक अनुसंधान/अधिष्ठाता कृषि, बि.कृ.वि., सबौर को सूचनार्थ प्रेषित।
- निदेशक अटारी, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

20.4.24

निदेशक प्रसार शिक्षा

कुलपति, बि.कृ.वि., सबौर के सचिव को माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ प्रेषित।

## बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर (भागलपुर)

## प्राकृतिक खेती हेतु कृषि विज्ञान केन्द्रों में कार्यरत नामित (Co-P.I.) विषय वस्तु विशेषज्ञों की सूची

| क्रम सं0 | विषय वस्तु विशेषज्ञ का नाम | पदनाम | कृषि विज्ञान केन्द्र |
|---|---|---|---|
| 1. | डा. सुमन कुमारी | विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान) | अररिया |
| 2. | डा. प्रतिभा कुमारी | विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) | अररिया |
| 3. | डा. उदय प्रकाश नारायण | विषय वस्तु विशेषज्ञ (पादप रोग) | अरवल |
| 4. | श्री पंकज कुमार सिन्हा | विषय वस्तु विशेषज्ञ (सस्य विज्ञान) | औरंगाबाद |
| 5. | सुश्री अनुराधा सिन्हा | विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान) | औरंगाबाद |
| 6. | श्री संजय कुमार मंडल | विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) | बाँका |
| 7. | श्री विकास सिंह | विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान) | बाँका |
| 8. | डा. ममता कुमारी | विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान) | भागलपुर |
| 9. | डा. मनीष राज | विषय वस्तु विशेषज्ञ (सस्य विज्ञान) | भागलपुर |
| 10. | डा. सच्चिदानन्द सिंह | विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि प्रसार) | भोजपुर |
| 11. | डा. रामनरेश | विषय वस्तु विशेषज्ञ (सस्य) | भोजपुर |
| 12. | डा. फरहाना खातुन | विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान) | मानपुर, गया |
| 13. | डा. संतोष कुमार | विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) | मानपुर, गया |
| 14. | श्री सुनील कुमार चौधरी | विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि प्रसार) | आमस, गया |
| 15. | श्री प्रभात कुमार | विषय वस्तु विशेषज्ञ (सस्य विज्ञान) | आमस, गया |
| 16. | डा. वाजिद हसन | विषय वस्तु विशेषज्ञ (कीट विज्ञान) | जहानाबाद |
| 17. | डा. वर्षा कुमारी | विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) | जहानाबाद |
| 18. | डा. सुशील कुमार सिंह | विषय वस्तु विशेषज्ञ (सस्य विज्ञान) | कटिहार |
| 19. | श्री एन. के. सिंह | विषय वस्तु विशेषज्ञ (कीट विज्ञान) | खगड़िया |
| 20. | सुश्री रूपम रानी | विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान) | खगड़िया |
| 21. | डा. कन्हैया लाल | विषय वस्तु विशेषज्ञ (सस्य विज्ञान) | किशनगंज |
| 22. | डा. अलीमुल इस्लाम | विषय वस्तु विशेषज्ञ (प्रसार शिक्षा) | किशनगंज |
| 23. | डा. निशान्त प्रकाश | विषय वस्तु विशेषज्ञ (पादप रोग) | लखीसराय |
| 24. | श्री राहुल कुमार वर्मा | विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान) | मधेपुरा |
| 25. | डा. विनोद कुमार | विषय वस्तु विशेषज्ञ (सस्य विज्ञान) | मुंगेर |
| 26. | सुश्री स्मिता सिन्हा | विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) | मुंगेर |

20/4/24

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27. | श्रीमती कुमारी विभा रानी | विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान) | नालन्दा |
| 28. | श्री राजीव कुमार | विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) | पटना |
| 29. | डा. पुष्पम पटेल | विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान) | पटना |
| 30. | डा. संगीता मेहता | विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान) | पूर्णियाँ |
| 31. | श्रीमती रश्मि प्रियदर्शी | विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) | पूर्णियाँ |
| 32. | डा. रामाकान्त सिंह | विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) | रोहतास |
| 33. | सुश्री संजू कुमारी | विषय वस्तु विशेषज्ञ (सस्य विज्ञान) | रोहतास |
| 34. | डा. पंकज कुमार राय | विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान) | सहरसा |
| 35. | श्री अशोक पंडित | विषय वस्तु विशेषज्ञ (सस्य विज्ञान) | सहरसा |
| 36. | डा. डी. एन. पाण्डेय | विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) | शेखपुरा |
| 37. | सुश्री अल्काज्योति शर्मा | विषय वस्तु विशेषज्ञ (सस्य विज्ञान) | शेखपुरा |
| 38. | श्री निराला कुमार | विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि प्रसार) | सुपौल |
| 39. | डा. मनोज कुमार | विषय वस्तु विशेषज्ञ (सस्य विज्ञान) | सुपौल |

20.4.24

निदेशक प्रसार शिक्षा
प्र.शि.नि., सबौर

**दिनांक 13.04.2024 को निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर की अध्यक्षता में आहूत प्राकृतिक खेती विषयक समीक्षा बैठक की कार्यवाही**

उपस्थिति : अलग से संधारित।

प्रसार शिक्षा निदेशालय, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के पत्र सं0 04 दिनांक 01.04.2024 के आलोक में प्राकृतिक खेती की समीक्षा एवं आगामी कार्य योजना पर बैठक निदेशक प्रसार शिक्षा, बि.कृ.वि., सबौर की अध्यक्षता में आज दिनांक 13.04.2024 पूर्वाह्न 11.00 बजे बैठक आहूत की गयी। बैठक के प्रारंभ में सह निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के द्वारा सभी वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, विषय वस्तु विशेषज्ञ सहित उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया तथा संबंधित विषय पर गहन चर्चा की गयी। सर्वप्रथम कृषि विज्ञान केन्द्र, औरंगाबाद, भागलपुर, भोजपुर, कटिहार, खगड़िया, किशनगंज, लखीसराय, मुंगेर, पटना, पूर्णियाँ, रोहतास, सहरसा एवं सुपौल के वैज्ञानिकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राकृतिक खेती अंतर्गत किये गये कार्यों का प्रस्तुतिकरण दिया गया।

1. उक्त के आलोक में संबंधित 13 कृषि विज्ञान केन्द्रों से निम्न विवरणी के आधार पर वित्तीय वर्ष 2023-24 की सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

| क्रमांक | कार्यक्रम | भौतिक उपलब्धि | | वित्तीय लक्ष्य (रू0 में) | वित्तीय उपलब्धि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | संख्या | प्रतिभागियों की संख्या | | |
| 1 | जागरूकता कार्यक्रम | | | | |
| 2 | प्रशिक्षण कार्यक्रम | | | | |
| 3 | प्रत्यक्षण | | | | |

**वित्तीय वर्ष 2023-24 में जागरूकता कार्यक्रम की विवरणी**

| तिथि | कार्यक्रम स्थल (गाँव, प्रखण्ड) | प्रतिभागियों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | महिला | पुरूष | प्रसार कर्मी | कुल |
| | | | | | |
| | | | | | |

**वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रशिक्षण कार्यक्रम की विवरणी**

| तिथि | कार्यक्रम स्थल (गाँव, प्रखण्ड) | प्रतिभागियों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | महिला | पुरूष | प्रसार कर्मी | कुल |
| | | | | | |
| | | | | | |

**खरीफ, रबी एवं गरमा मौसम में प्रत्यक्षण कार्यक्रम की विवरणी**

| किसान का नाम, पता मोबाईल नं0 | फसल एवं प्रभेद | रकबा (हे0 में) | बुआई एवं कटनी की तिथि | प्रत्यक्षण की तिथि | उत्पादन (क्विंटल में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

20/4/24

2. बैठक में यह भी अनुशंसा की गई कि 01 से 02 गाँवों में प्राकृतिक खेती के प्रत्यक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाय ताकि प्राकृतिक खेती के प्रभावों का अध्ययन किया जा सके। स्थानीय जलवायु के परिपेक्ष्य में फसलों/प्रभेदों का चयन किया जाय।
3. प्राकृतिक खेती से संबंधित लघु फिल्म का निर्माण मीडिया सेन्टर की मदद से किया जाय।

**(अनुपालन : डॉ. एन. के. सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ (कीट विज्ञान), कृषि विज्ञान केन्द्र, खगड़िया, डॉ. ममता कुमारी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान), कृषि विज्ञान केन्द्र, भागलपुर)**

4. प्राकृतिक खेती के प्रस्तुतिकरण (पावर प्वांइट) का मॉडल टेम्पलेट तैयार किया जाय।

**(अनुपालन : डॉ. पंकज राय, विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान), कृषि विज्ञान केन्द्र, सहरसा, डॉ. सुशील कुमार सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ (सस्य), कृषि विज्ञान केन्द्र, कटिहार)**

5. संबंधित कृषि विज्ञान केन्द्रों में Bio Production unit/Azola demonstration unit की स्थापना की जाय।

**(अनुपालन : सभी संबंधित कृषि विज्ञान केन्द्र के नामित वैज्ञानिक/वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान)**

6. गत वर्ष से सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों के 01 एकड़ प्रक्षेत्र में प्राकृतिक खेती का मॉडल प्रदर्शन भा.कृ.अनु.परि., नई दिल्ली के पत्रांक F.No. 13(26)/2021-Cdn.Tech dated 22.12.2021 तथा प्रसार शिक्षा निदेशालय के कार्यालय आदेश सं0 101 दिनांक 06.07.2022 के क्रम में किया जा रहा है। सभी 22 कृषि विज्ञान केन्द्रों को गत वर्षों में की गई प्रगति को निम्न तालिका के आधार पर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया-

| वर्ष | सीजन | फसल | प्रभेद | उत्पादन (क्विं/एकड़) | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | प्रत्यक्षण | लोकल चेक | |
| 2022 | खरीफ | | | | | |
| 2022-23 | रबी | | | | | |
| 2023 | गरमा | | | | | |
| 2023 | खरीफ | | | | | |
| 2023-24 | रबी | | | | | |
| 2024 | गरमा | | | | | |
| 2024 | खरीफ (प्रस्तावित) | | | | | |

बैठक में यह भी पाया गया कि अधिकतर कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा चयनित प्रक्षेत्र में फसल लगाने के पूर्व एवं कटनी के बाद का मिट्टी नमूनें की जाँच नहीं करा रहे है जिससे प्राकृतिक खेती के प्रभावों का अध्ययन (Physico-chemical properties of Natural Farming plot) करने में परेशानी हो रही है। अतः यह निर्णय लिया गया कि आगामी सीजन से मिट्टी जाँच एवं स्वॉयल माइक्रोबियल टेस्ट कराना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य हेतु विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग की मदद ली जा सकती है। संलग्न सारणी Annexure-I & II के आधार पर आगामी प्रस्तुतिकरण/प्रतिवेदन में वांछित सूचनाओं को अवश्य दिया जाय। प्राकृतिक खेती के मानक के आधार पर प्रस्तुतिकरण नहीं किये जाने पर सारी जिम्मेवारी केन्द्र के प्रधान की होगी।

**(अनुपालन : सभी कृषि विज्ञान केन्द्र के नामित वैज्ञानिक/वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान/अध्यक्ष, मृदा विज्ञान विभाग/डॉ. सरोज कुमार, कनीय वैज्ञानिक, मृदा विज्ञान विभाग, बि.कृ.महा., सबौर)**

7. सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों में नव नियुक्त विषय वस्तु विशेषज्ञों द्वारा योगदान दिया गया है। इस क्रम में केन्द्र के स्तर पर नामित वैज्ञानिकों की सूची पर पुर्नविचार करने तथा संबंधित वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान को योजना के नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित तथा योजना का अनुश्रवण केन्द्र स्तर पर ससमय करने हेतु अनुशंसा की गयी। बैठक में उप निदेशक प्रशिक्षण, प्रसार शिक्षा निदेशालय स्तर पर प्राकृतिक खेती के नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित करने पर अनुशंसा की गई

**(अनुपालन : निदेशक प्रसार शिक्षा)**

20/4/24

सभी कृषि विज्ञान केन्द्र को उपरोक्त प्रतिवेदनों को दिनांक 20 मई, 2024 तक प्रसार शिक्षा निदेशालय को उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

**ज्ञापांक : 180/प्र.शि.नि./बि.कृ.वि., सबौर/** 188 **दिनांक :** 20/04/24

प्रतिलिपि :

- सभी संबंधित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
- विभागाध्यक्ष, मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग, बि.कृ.महा., सबौर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
- उप निदेशक प्रशिक्षण/सह निदेशक प्रसार शिक्षा, बि.कृ.वि., सबौर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
- निदेशक, भा.कृ.अनु.परि.-अटारी, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

20/4/24

निदेशक प्रसार शिक्षा

बि.कृ.वि., सबौर

कुलपति के सचिव को माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ प्रेषित।